तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार, 11 नवंबर 2024

11 कमार परिवारों के लिए 982 पक्का आवास निर्माण...



12 दलहन व तिलहन फसलों को लेने के लिए...





## खबर संक्षेप

### ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने आंवला नवमीं में की पूजा



**नवापारा-राजिम।** ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने आंवला नवमीं के अवसर पर आंवला पेड़ की पूजा कर, भोग प्रसादी आरीती की। इसके साथ ही सामाजिक संगठन से चर्चा किए। कार्यक्रम में महिला संगठन की अध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

### बालसी में 3 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली क्षेत्र के ग्राम बालसी में एक व्यक्ति के घर बाड़ी से पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बालसी में महेश अजय घर बाड़ी में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से 2 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सांकरा पुलिस ने ग्राम सपोस आरोपी कमलेश पिता ओमप्रकाश अग्रवाल के घर के सामने से कुल 03 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### दुकान के सामने बैठ पी रहे थे शराब, मना किया तो दुकानदार को पीटा

**महासमुंद।** शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत नया मछली मार्केट में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि शहबाज कुरैशी निवासी नयापारा मछली मार्केट दलदली रोड मटन/मुर्गा दुकान का संचालन करता है। 8 नवंबर को सुबह लगभग 9 बजे विक्की ठाकुर निवासी दलदली रोड अपने साथी कुणाल एवं सचिन के साथ उसके मटन मुर्गा दुकान के सामने बैठकर शराब पी रहे थे, जिसे मना करने पर तीनों ने विवाद किया, उसके बाद देख लेने की धमकी देते हुए चले गए। बाद 9 नवंबर की रात लगभग 8:30 बजे जैसे ही प्रार्थी अपने दुकान को बंद कर घर जाने के लिए निकल रहा था, उसी समय आरोपी विक्की ठाकुर और उसके साथी कुणाल एवं सचिन वहां आकर गाली गुफ्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### तुमगांव में जुआ खेल रहे 6 लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जुआ खेल रहे 6 लोगों पर तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 29800 रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि 9 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम परसाडीह नाला किनारे कुछ लोग काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर घेराबंदी की और पकडे गए आरोपियों से पूछताछ की। जिसमें उन्होंने अपने नाम भागीरथी क्षत्रिय पिता केजु सिंह क्षत्रिय (54 साल) निवासी परसाडीह, रोहित काशिव पिता जगदीश काशिव (43 साल) निवासी पंजाबी पारा महासमुंद, बारेलाल ध्रुव पिता स्व सूबेराम ध्रुव (61 साल) निवासी परसाडीह, मोहित श्रीवास्तव पिता स्व राजकुमार श्रीवास्तव (39 साल) निवासी तामासिवनी जिला रायपुर, रिंकू सिंह साहू पिता दीनबंधु साहू (31 साल) निवासी बरौदा जिला रायपुर, राजेश राजपुर पिता गुंधर राजपूत (33 साल) निवासी तामासिवनी जिला रायपुर का रहने वाले बताए। आरोपियों के कब्जे से कुल 29, 800 रुपए जब्त किए गए। आरोपियों के खिलाफ धारा छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तत कार्रवाई की गई।

## हादसा : घटना स्थल पर मिले खून के निशान, ड्रोन कैमरे में हाथियों के झुंड की तस्वीर कैद

# पोटाश बम की चपेट में आया हाथी घायल, दल से बिछड़ा, ट्रेस कैमरा से विभाग कर रहा निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है वन प्राणियों के शिकार के लिए शिकारियों द्वारा जंगल में लगाए गए पोटाश बम के चपेट में आने से एक जंगली हाथी घायल हो गया है और दल से बिछड़ गया है, उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में वन विभाग एवं एक्सपर्ट की टीमों द्वारा ड्रोन कैमरा के माध्यम से हाथियों पर नजर रखे हुए हैं और उनके हर गतिविधियों की जानकारी लिया जा रहा है घनघोर जंगल होने के कारण ड्रोन कैमरा से भी निगरानी करने में विभाग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार हाथियों का दल जिसमें लगभग 40 हाथी की संख्या बताई जाती है और सिकासार दल के नाम से जाना जाता है लगभग एक माह तक मैनपुर वन परिक्षेत्र के सिहार, छिन्दौला , लूठापारा गांव के आसपास डेरा जमाए थे। दीपावली त्यौहार के आसपास नेशनल हाईवे 130 सी को पारकर हाथियों का दल उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों को तीन दिन पहले जानकारी मिल की एक हाथी घायल हो गया है और वह दल से बिछड़ गया है। इसकी जानकारी लगते ही तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दिया गया है। वन विभाग के वन्यप्राणी सीसीएफ सतोविता समाजदार एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में वन विभाग के स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारी की टीम सीतानदी वन परिक्षेत्र के जंगल में ड्रोन कैमरा एवं डॉग एस्कॉर्ट एक्सपर्ट की टीम लेकर पहुंचे ड्रोन कैमरा के माध्यम से सबसे पहले हाथियों के दल का निगरानी किया गया। हाथियों का दल सीतानदी वन परिक्षेत्र के मोहित को भारत गांव के जंगल में ड्रोन कैमरा से कैद हुआ इसके बाद अफसर की टीम जंगल क्षेत्र का सघन सर्चिंग किया। इस दौरान वन प्राणियों के शिकार के लिए शिकारियों द्वारा लगाए गए पोटाश बम के चपेट में आने से एक हाथी घायल होने की जानकारी मिली है साथ ही पोटाश बम वह घटना स्थल से खून भी पाया गया है पिछले तीन दिनों से वन विभाग की टीम लगातार सीता नदी वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों के दल का निगरानी कर रहे हैं साथ ही घायल हाथी जो दल से बढ़ गया है उसकी भी जानकारी लिया जा रहा है ड्रोन कैमरा से हाथियों की झुंड की तस्वीर और फोटो कमरे में कैद किया गया है आज रविवार देर शाम तक एसडीओ गोपाल कश्यप दलबल के साथ जंगल में डटे रहे तथा ड्रोन कैमरा के माध्यम से हाथियों पर नजर रख रखा गया है।



### दल के हाथी का जबड़ा सूजा, पैर में चोट



*वन विभाग द्वारा देर शाम मिली जानकारी के अनुसार दाल के छोटा हाथी घायल हुआ है जिसका जबड़ा सूजा हुआ है पैर में चोट है संभावना यहां व्यक्त किया जा रहा है की छोटा हाथी द्वारा बम को चाटने से घायल हुआ है।*

### विभाग ने ग्रामीणों को किया सतर्क

हाथियों के दल से एक हाथी घायल होने से वहां दल से अलग हो गया है जिसके कारण दहशत देखने को मिल रहा है घायल हाथी काफी आक्रामक हो सकता है इसलिए वन विभाग द्वारा लगातार ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है साथ ही जंगल क्षेत्र में अकेले ग्रामीणों को नहीं जाने की अपील किया जा रहा है।

### वजन से फटा बम

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने हरिभूमि को चर्चा में बताया सिकासर दाल का एक हाथी घायल हो गया है। शिकारियों द्वारा जंगल के भीतर वन्य प्राणियों जंगली सूअर के शिकार के लिए लगाए गए पोटाश बम के ऊपर हाथी के पैर चले जाने के कारण वजन से यह बम फट गया और एक जंगली हाथी घायल हो गया है। वन विभाग की टीम लगातार सीतानदी वन परिक्षेत्र में ड्रोन कैमरा एवं एक्सपर्ट के माध्यम से हाथियों के दल पर निगरानी रखा है। विभाग की टीम लगातार घायल हाथी की तलाश में लगे हैं।

### इनका रहा योगदान

उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के सीता नदी वन परिक्षेत्र में हाथियों का दल जो घायल हुआ है उसे पर लगातार नजर रखना की टाइगर रिजर्व की उपनिदेशक वरुण जैन, एसडीओ गोपाल कश्यप, ड्रोन आपरेटर मनीष राजपूत, अभिनंदन तिवारी,बीडगार्ड राहूल राजपूत, रूपेन्द्र मरकाम पिछले तीन दिन रात लगातार सीतानदी वन परिक्षेत्र में डटे हुए हैं।

## पंचकोशी गौशाला में मनाई गई गोपाष्टमी



हरिभूमि.न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला फिंगेश्वर में शनिवार को प्रातः 10 बजे से स्वामी चित्रनंद महराज द्वारा गौचालिसा पाठ व परमानंद महराज द्वारा गायत्री यज्ञ हवन के साथ गोपाष्टमी उत्सव का शुभारंभ किया। जागृति महिला मंडल के सदस्यों द्वारा चम्पेश्वरी साहू के नेतृत्व में भगवान कृष्ण के भजन दोहे व वाद्य संगीत से शमा बंध गया। इसी बीच मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों का आगमन हुआ जिनका फौज फाटकों के साथ स्वागत पश्चात गौ गोवर्धन पूजन, सुहाई व गौ धन को खिचड़ी भोग कराया गया और गौ माता व भगवान कृष्ण की आरती के साथ अतिथियों द्वारा गौ मंदिर कृष्ण मंदिर की परिक्रमा करते हुए सभी गौ भक्तों के मंचासिन हुए। जिसमें मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, गौ शाला संरक्षक भागवत हरित सेवा निवृत टीआई बोधन साहू अन्य सभी अतिथियों में भुनेश्वर साहू, डॉ रामकुमार साहू आदि का पुष्पहार श्रीफल व गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। मातृशक्तियों में पार्षद मंजुलता हरित, संतोषी श्रीवास्तव भी शामिल हुए। अमृत यदु ने गौ गौशाला पर स्वरचित कविता छत्तीसगढ़ी में प्रस्तुत किया। जिसकी वाहवाही व तालियों से स्वागत हुआ। भुनेश्वर साहू ने कहा कि भारत में स्वतन्त्रता बाद 1947 से लगातार गौ धन की संख्या घट रही है जो भारत जैसे देश के लिए चिंताजनक व अच्छा नहीं है। डॉ. चंद्रशेखर हरित ने पैरा में आग लगाने पर भी शासन की ओर से कड़ा प्रतिबंध लगाने और और पशुआहार की कीमत घटाने की बात कही।

### 4 एकड़ क्षेत्र में हो रहा हरा चारे का उत्पादन

मधुबाला रात्रे ने कहा कि उनके पास अभी शासकीय फंड न होने से कोई बड़ा सहयोग नहीं कर पा रही हैं। फिलहाल गोशाला अध्यक्ष की बात रखते हुए अपने निजी फंड से 11000 ग्यारह हजार रुपए सहयोग राशी गौ शाला के लिए घोषित किए। समारोह में अमृत यद्ु, जगदीश साहू, तेजराम साहू, भुवन साहू सहित कर्मचारी गोवर्धन, गंजू कश्यप, चरवाहा मानू, कीर्तन, चम्पा, हेमलता, भूमिका आदि ने शुरू से अंत तक सहयोग किए। जिले में गौशाला की विशेषता में गौ मंदिर गोपाल मंदिर 4 एकड़ क्षेत्र में हरा चारा उत्पादन के साथ जैविक कृषि केंचुआ खाद उत्पादन को बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौभक्त भाई बहने नगर के आसपास से पधारे थे। अंत में सभी भोग प्रसादी लेकर अपने घर को प्रस्थान किये।



## भृत्य संघ की बैठक में की गई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण प्रदेश संघ के निर्देशानुसार संघ का बैठक आहूत किया गया। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया एवं भृत्य संघ के मुख्य मांगों का समर्थन मध्यान भोजन संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलू ओगरे एवं अपने अन्य पदाधिकारियों साथ में मांगों पर समर्थन दिया गया। उपस्थित संघ के अध्यक्ष गुलाब सिन्हा, सचिव बेदन साहू, सह सचिव प्रमोद निषाद, कोषाध्यक्ष रघुनाथ यादव, मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण कश्यप, सदस्य नारायण सिन्हा, चुम्मन यादव, टामेश्वर पटेल, लेखन साहू, रोहित, आनंद सिन्हा एवं समस्त भृत्य सम्मिलित हुए।

## गरहाडीह में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव ईलाके ग्रामीण लंबे समय से मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं और इस क्षेत्र मे आठ ग्राम पंचायतों के लिए एकमात्र धान उपार्जन केन्द्र शोभा कन्हारपारा में होने के कारण धान बेचने के लिए इस क्षेत्र के किसानों को भारी लंबी दूरी तय करना पड़ता है जिसके कारण किसानों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि इस क्षेत्र के अंतिम छोर मे बसे ग्राम गौरगांव, कुचेंगा, गरीबा, भूतबेड़ा क्षेत्र के किसानों को धान समर्थन मूल्य मे बेचने के लिए 20 से 25 किमी दूर शोभा कन्हारपारा आना पड़ता है। छोटे किसान बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं इसलिए लंबे समय से ग्राम गरहाडीह में नया धान उर्पाजन केन्द्र खोलने की मांग किया जा रहा है।

क्षेत्र के जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जनपद सदस्य घनश्याम मरकाम, सरपंच गौरगांव भानबाई नेताम, गरहाडीह कलाबाई नेताम, अजय नेताम, पूरन मेश्राम, अंबेडकरवादी युवा संगठन अध्यक्ष पतंग सिंह मरकाम व क्षेत्र के लोगों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल से धान उर्पाजन केन्द्र खोलने की मांग किया है।

## अपार पंजीयन में आने वाली समस्या पर चर्चा

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला लचकेरा में संकुल प्राचार्य साधु राम ध्रुव एवं संकुल समन्वयक पोषण सोनकर के द्वारा संस्था प्रमुखों की बैठक आयोजित कर अपार पंजीयन में आने वाले समस्याओं एवं उनके सुझाव एवं निदान पर चर्चा व परख सर्वे कक्षा 3,6,9 की बच्चों की तैयारी एवं ओएमआर सीट भरने की तरीकों पर प्रतिदिवस कालखण्ड निर्धारित कर कक्षा संचालन निर्देश संकुल प्राचार्य के द्वारा किया गया। संकुल प्राचार्य ने शासकीय प्राथमिक शाला लचकेरा के कक्षाओं का निरीक्षण व सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया एवं सभी बच्चों को पढ़ने, लिखने के लिए उनके द्वारा प्रेरित किया गया। शाला परिसर की स्वच्छता मध्यान्ह भोजन शिक्षकों की उपस्थिति को देखकर संस्था प्रमुख एवं विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। उक्त बैठक में संस्था प्रमुख पंचराम निषाद, कुमारदास मानिकपुरी, रमेश बंजारे, रामेश्वर साहू, संतोष तिवारी, ज्ञानेश्वर चंद्राकर, किशोर साहू, सम्पत पटेल, ओंकार मारकंडे, डगेश्वर कुमार ध्रुव प्रधान पाठकगण, रूपेंद्र कुमार यदु, छन्नू लाल ध्रुव, पूर्णिमा साहू, गीतिका साहू, कुसुमलता पटेल शिक्षक एवं सफाई कर्मचारी अजय देवांगन आदि उपस्थित थे।



## पाइप लाइन विस्तार कार्य चल रहा कछुए की गति से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करकरा के आश्रित ग्राम कोरासी में जल जिवन मिशन योजना अंतर्गत गत गांव में पानी टंकी पाइप लाइन का कार्य में ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीणों एवं राहगीरों को परेशानी हो रही है। ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन कनेक्शन कार्य रुक -रुक कर किया जा रहा है। लिंकेज पाइप को बनाने के लिए गड्डा खोद कर गड्ढा को दो दिन- तीन दिन छोड़ देते हैं। जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। जल जिवन मिशन के तहत पाइप लाइन विस्तार कार्य कछुआ चाल से किया रहा है। जिससे कनेक्शन कार्य अधूरे के अधूरे हैं। पाइप लाइन कनेक्शन का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, पाइप लाइन कनेक्शन सभी घरों तक पहुंचाया गया है, और पाइप नल से कनेक्शन नहीं किया गया है। पानी पाइप लाइन कनेक्शन में चालू हो गया है और पानी गली मुहल्लों में व्यर्थ बह रहा है। ठेकेदार को पाइप लाइन कनेक्शन में कई जगहों में पानी नहीं आ रहा है उसको सुधारने को बोला गया है लेकिन ठेकेदार आज काल करते बात को टालते -टालते मनमानी कर रहे हैं। इस मनमानी को देखते हुए ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत सरपंच ने तत्काल कार्य पूर्ण करने की मांग शासन प्रशासन से की है। अन्यथा ग्राम के समस्त ग्रामवासी और सरपंच कलेक्टर से शिकायत करेंगे।

## सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर माता तुलसी की करेंगी पूजा

# छोटी दीपावली कल, लगेगा गन्ने का पसरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

छोटी दीपावली के दो दिन पहले रविवार को मार्केट में वो रौनकता नहीं दिखी जैसा कि दिखना चाहिए। वैसे भी रविवार का दिन था। देवउठनी के पूर्व सदर बाजार और गंज मार्ग में दो दिन पहले जहां पैर रखने को जगह नहीं रहती थी वहां इस बार एकदम सूनापन नजर आया। आमतौर पर दीपावली के बाद से देवउठनी तक लोगों की भीड़ से गुलजार रहने वाला सदर बाजार में शनि-रवि को लगभग सन्नाटा पसरा रहा। बाजार में लोगों की चहल-पहल व ग्राहकी नहीं होने की वजह से दुकानदार आराम फरमाते हुए दिखाई दिए। इक्के-दुक्के दुकानों में ही ग्राहक नजर आए। बाकी दुकानों में दुकानदार मायूस बैठे हुए थे। उम्मीद है कि कल मंगलवार को छोटी दीपावली (देवउठनी) में खरीददारी के लिए भीड़ जुटने की प्रबल संभावना अभी से नजर आ रही है। देवउठनी में हर कार्य को शुरू करने के लिए शुभ माना जाता है। देवउठनी एकादशी को मिनी दीपावली के रूप में मनाए जाने की परम्परा सदियों पुरानी है। विद्वान पंडितों के मुताबिक जितने भी शुभ कार्य शुरू किए जाते है मसलन शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, लगन, मांगलिक कार्य, सोना-चांदी, कार, मोटरसाईकल आदि की खरीददारी करने के लिए सर्वोत्तम होता है। मांगलिक कार्यों के लिए बहुत ही शुभ होता है। छोटी दीवाली को लेकर शहर के बाजार सहित गंज रोड, काली मंदिर, नगरपालिका, कृषि उपज मंडी के पास व इंदिरा मार्केट, सोमवारी बाजार,बस स्टैंण्ड सहित चौक-चौराहों में गन्ने की दुकानें आज दोपहर से सजने लगेगी। बता दें कि रक्शा, पसौद, नारी, परसदा, सिर्रीकला, पेण्ड्रा आदि जगहों में गन्ने की फसल ली जाती है। यहां के किसान ट्रेक्टर, मेटाडोर, छोटे हाथी, पिकअप जैसे वाहनो में बड़ी मात्रा में गन्ने लेकर शहर पहुंचते है और जगह-जगह पसरा के रूप में लगाते है।



### आज से सजेगा गन्ना बाजार

देवउठनी को देखते हुए राजिम-नवापारा शहर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से गन्ना बेचने के लिए किसान और कोचिए शहर के विभिन्न चौक, चौराहों पर अपना पसरा सजाना आज सोमवार को शुरू कर देंगे। इसके साथ ही देवउठनी एकादशी के दिन बाजार में चनाभाजी, बेर, सिंघाड़ा, शकर कांदा, कोचई, आंवला, मौसमी फल-फूल भी सब्जी बाजार में नजर आएगा।

### तुलसी पूजा का महत्व

देवउठनी में माता तुलसी का ब्याह भगवान शालिकराम के साथ हुआ था जिसके फलस्वरूप सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर माता तुलसी की पूजा-अर्चना विवाह मंडप सजाकर करती हैं। घरों-घर गन्ने की पूजा होती है। पटाखे चलाए जाते हैं। तुलसी विवाह को लेकर घर-घर में मंडप सजाने की तैयारी भी शुरू हो गई है। पूजा में होने वाले विवाह के लिए मंडप के रूप में गन्नों का उपयोग किया जाता है। इसलिए देवउठनी में गन्ने की मांग अधिक होती है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### सोनी समाज का दीपावली मिलन समारोह



**रायपुर।** सोनी (सोनार) समाज द्वारा कंकाली पारा भवानी शंकर मंदिर परिसर में गत दिनों दीपावली मिलन समोराह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष राजा सोनी और संस्थापक सदस्य सहित बुजुर्ग व्यक्ति से लेकर युवा पीढ़ी और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष श्री सोनी ने इस कार्यक्रम को लेकर बहुत प्रशंसा की और कहा कि आगे और बहुत कुछ करेंगे, रायपुर प्रदेश की राजधानी है, इस कार्यक्रम को और भी अच्छा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में महेश सोनी, लोकेश सोनी, अश्विनी सोनी, राजेश सोनी, अरुण सूरज सोनी, आदित्य सोनी, धर्मेंद्र सोनी, हेमंत सोनी, मनोज सोनी, संतोष, शेषनारायण, शिव सोनी एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शाामिल हुईं।

### मुख्यमंत्री साय ने दी आंवला नवमी की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को आंवला नवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। इस दिन को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। मान्यता है अक्षय नवमी के दिन किए जाने वाले पुण्यकार्य का अक्षय फल सभी को प्राप्त होता है और मां लक्ष्मी की कृपा होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि बढ़े, यह कामना की।

### आपसी सहयोग से प्रदान की जा सकती है व्यापक चिकित्सा

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा "स्पेशलिटीज़ में चुनौतियों कासमाधान" थीम पर आधारित मेडिसिन अपडेट 2024 का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर से 200 से अधिक प्रतिनिधियों शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने रोगी देखभाल को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न चिकित्सा विशेषताओं में एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग से ही व्यापक और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। मेडिकल कालेज के डीन. डॉ. आलोक अग्रवाल ने बदलते चिकित्सा परिदृश्य में साक्ष्य-आधारित चिकित्सा का अभ्यास करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. डॉ. सरिता अग्रवाल, डीन रिसर्च ने कहा कि ये पहल चिकित्सा ज्ञान को समृद्ध करने और रोगी देखभाल में सुधार लाने के लिए अनिवार्य हैं। कार्यशाला में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेणु राजगुरु, मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट, डीन एग्जाम डॉ. एली मोहपात्रा भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. विनय आर. पंडित ने चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा प्रगति के साथ अद्यतन रहने और रोगियों के प्रति करुणा और सहानुभूति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

### ऑनलाइन सट्टा, धरा गया फरार सटोरिया

**रायपुर।** महादेव 364 पैनल से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले फरार आरोपी मोहित सोमानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। करीब 6 माह पूर्व एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट तथा गंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कोलकाता के न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में दबिश देकर फ्लैट से 13 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 5 नग लैपटॉप, 36 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 12 लाख रुपए तथा 24 बैंक पासबुक एवं 24 नग एटीएम कार्ड जब्त किए थे। इस प्रकरण में आईडी लेकर पैनल संचालन करने वाला मुख्य आरोपी मोहित निवासी समता कॉलोनी रायपुर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिसे पुलिस तलाश रही थी। पुलिस टीम को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि मोहित रायपुर में है, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

# सर्व मांगलिक भवन बनाने जमीन नहीं खोज पाए, निर्माण शुरू नहीं होने से फंड भी वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोगों को मिलने वाली सर्व मांगलिक भवन की सुविधा अधूरी रह गई है। करीब तीन साल पहले अमलीडीह जोन क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त मांगलिक भवन बनने के लिए 3.55 करोड़ की मंजूरी मिली। इसके बाद निर्माण करने के लिए जमीन की तलाश शुरू की गई। इसमें समय लगने से नई सरकार के आते ही पैसा वापस हो गया। इससे आउटर के सात वार्डों की जनता को सुविधा मिलने से पहले सरकार से मिला पैसा भी वापस हो गया।

राजधानी के अमलीडीह जोन क्षेत्र में रहने वाली दो लाख से ज्यादा की आबादी को सर्व मांगलिक भवन की सुविधा के लिए फिर इंतजार करना होगा, क्योंकि निगम व जोन के जिम्मेदारों ने पूर्व सरकार से बजट मिलने के बाद निर्माण शुरू करवाने में विलंब किया है। वजह जांचने पर पता चला कि जुलाई 2021-22 में गुरु घासीदास नगर स्थित गार्डन में स्मार्ट सर्व मांगलिक भवन के लिए 20 हजार वर्गफीट जमीन तय की गई। इससे पहले कॉलोनी के लोगों से जिम्मेदारों ने किसी प्रकार की रायसुमारी नहीं की। नतीजा, यह हुआ कि जब जोन ने एजेंसी तय करके काम शुरू किया, तो कॉलोनी के लोगों ने निर्माण पर आपत्ति लगाते हुए कोर्ट में चुनौती दी। निर्णय के बाद भवन बनाने के लिए क्षेत्र में दोबारा जमीन तय करने सर्वे किया। जिम्मेदारों ने डूंडा में सरकारी जमीन तय की, लेकिन सीमांकन में विलंब के कारण काम शुरू नहीं हुआ।

## निगम ने जमीन जांचे बिना बनाया प्रोजेक्ट इसलिए लोगों को नहीं मिली सुविधा

### इकलौते भवन में जोन कार्यालय

जोन -10 में शामिल सात वार्ड के लोगों को अमलीडीह क्षेत्र में बनवाए गए सामुदायिक भवन की सुविधा भी नहीं मिल रही है, क्योंकि वहां पहले से ही जोन कार्यालय शुरू किया गया है। इससे लोगों को मांगलिक आयोजनों के लिए भवन की सुविधा का इंतजार है। जोन के सूत्रों ने बताया कि अभी तक नए सिरे से मांगलिक भवन और जोन कार्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव बनाना तो दूर जमीन भी तय नहीं हुई है। इससे जरूरत पड़ने पर लोगों को प्राइवेट भवन बुक करने पर मुंहमांगी कीमत देनी पड़ रही है। इसे देखते हुए शासन ने पहले सर्व सुविधायुक्त भवन के लिए प्रोजेक्ट बनवाने मंजूरी दी।



### पैसा वापस हो गया है

जिस प्रोजेक्ट की बात कर रहे हैं, उसे शुरू करने के लिए एजेंसी तय की गई थी। जमीन सीमांकन का मामला सुलझाने से पहले नई सरकार आने पर पैसा वापस ले लिया गया। अभी नए सिरे से प्रस्ताव बनाने के लिए कोई दिशा-निर्देश भी नहीं मिला है।

- **राकेश शर्मा**, आयुक्त, जोन-10, नगर निगम, रायपुर

### गोमर्डा के बाद बैकुंठपुर वनमंडल में बाघ के शिकार के बाद उठ रहे सवाल

# राज्य के जंगल बने बाघों के लिए कब्रगाह सालभर में दो की मौत, मॉनिटरिंग फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बैकुंठपुर वनमंडल में दो दिन पूर्व मृत अवस्था में वयस्क नर बाघ मिलने से राज्य में बाघों की सुरक्षा पर एक बार फिर से सवालियाना निशान लग रहा है। बाघ के शिकार की एक साल के भीतर यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व जनवरी में सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल में एक बाघ को मार कर गाड़ दिया गया था। बैकुंठपुर में बाघ की जो बॉडी मिली है, आशंका व्यक्त की जा रही है, ग्रामीणों ने बाघ को जहर देकर मार दिया है। बाघ की बॉडी रहवासी क्षेत्र में मिली है। वन विभाग को घटना की जानकारी दो दिन के बाद मिली।

रामगढ़ क्षेत्र के देवसील स्थित खनकोपर नदी के तट पर ग्रामीणों ने मृत हालत में बाघ को देखा। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी। बदबू आने पर लोगों को बाघ की मौत की जानकारी मिलने की बात कही जा रही है। बाघ की मौत आरेंज फॉरेस्ट में हुई है। जिस जगह पर बाघ की बॉडी मिली है, वह मध्यप्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र है। जहां बाघ की बॉडी मिली है, उस बाघ का बैकुंठपुर तथा कोरिया वनमंडल में कोई रिकार्ड नहीं है। इसीलिए संभावना व्यक्त की जा रही है कि बाघ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश का हो सकता है। बाघ की अब तक पीएम रिपोर्ट सामने नहीं आई है और न ही वन विभाग के अफसरों ने बाघ की मौत के कारणों का खुलासा किया है।



### एक वर्ष के भीतर दो बाघों की मौत

राज्य में बाघों का शिकार का एक साल के भीतर यह दूसरी घटना है। गोमर्डा में एक दशक के बाद पहुंचे प्रवासी बाघ की ग्रामीणों ने करंट बिछाकर शिकार किया था। शिकार करने के बाद ग्रामीणों ने मृत बाघ को जमीन में गड्ढा कर गाड़ दिया था। वन विभाग के अफसरों ने मुखबिर की सूचना पर मृत बाघ को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम करवाया था।

### दो साल पूर्व भी जहर देकर मारने की घटना

साल 2022 में इसी इलाके में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के सोनहत रेंज में एक बाघिन की मौत हुई थी। 4 लोगों पर जहर देकर बाघ को मारे जाने की बात सामने आई थी। चारों पर विभाग ने कार्रवाई की थी। इससे पहले 2018 में इसी क्षेत्र के सुकतरा गांव में एक बाघ की मौत हुई थी। अब क्षेत्र में बाघ के मारे जाने की तीसरी घटना सामने आई है।

### मॉनिटरिंग के दावे फेल

जिस बाघ की बॉडी मिली है, उस बाघ को एक पखवाड़ा पूर्व गुरु घासीदास नेशनल पार्क में देखा गया था। बाघ के देखे जाने के बाद बाघ की निरंतर मॉनिटरिंग करने के दावे किए जा रहे थे। ऐसे में सवाल उठता है कि बाघ की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी, फिर वन विभाग के अफसरों को बाघ की मौत की जानकारी घटना के दो दिन बाद क्यों मिली। इससे बाघ की मॉनिटरिंग के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### जहर देकर मारने की आशंका

बाघ की जिस हालत में बॉडी मिली है, उससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि ग्रामीणों ने बाघ को जहर देकर मारा हो सकता है। गौरतलब है कि बाघ किसी चारपाया की शिकार करता है तो वह उस चारपाया की मांस खाने के बाद छोड़ देता है। इसके बाद दूसरे दिन बाघ उस चारपाया की मांस खाने के लिए पहुंचता है। ऐसे में ग्रामीण बाघ द्वारा शिकार किए गए चारपाया की मांस में आसानी से जहर मिलाकर बाघ का शिकार कर सकते हैं।

### *दो दशक में 35 से ज्यादा बाघ की खाल जब्त*

*राज्य बनने के बाद दो दर्जन से ज्यादा बाघों की शिकार के साथ अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। इस दौरान वन विभाग के अफसरों ने राज्य के अलग-अलग वनमंडल में 35 से ज्यादा बाघों की खाल, अंग तथा अन्य अवशेष जब्त किए हैं। जिन लोगों के कब्जे से बाघों के अंग, खाल तथा अन्य अवशेष मिले हैं, उनमें से किसी को भी वन विभाग के अफसर अब तक कोर्ट में सजा दिलवाने में कामयाब नहीं हुए हैं। इसके चलते राज्य में शेड्यूल-1 प्रजाति के बाघ, तेंदुआ तथा अन्य वन्यजीवों की लगातार शिकार की घटनाएं सामने आ रही हैं।*

# रिटायर कुलपति से लेकर प्राचार्य और प्राध्यापक तक निजी विवि विनियामक अध्यक्ष की दौड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ निजी विवि विनियामक आयोग के अध्यक्ष का पद बीते कई माह से रिक्त है। फिलहाल कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में ब्रजेश सिंह मिश्रा पदस्थ हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही इसमें स्थायी नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस रेस में दुर्ग विवि की पूर्व कुलपति डॉ.अरूणा पल्टा, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के रिटायर प्राध्यापक टोपलाल वर्मा से लेकर दुर्गा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एसएस खनुजा तक के नाम शामिल हैं। एसएस खनुजा छग निजी विवि नियामक आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं। उनकी उम्र निर्धारित आयु सीमा से अधिक होने के कारण उनके नाम पर मुहर को लेकर संशय है।

राजधानी तथा दुर्ग के रिटायर प्राध्यापक, प्राचार्य और कुलपति के अलावा दूसरे जिलों तथा विश्वविद्यालयों से भी कुछ नामों को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। इनमें स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के पूर्व कुलपति प्रो.एमके वर्मा, मप्र के भोज विवि के संजय तिवारी और बीजी सिंह भी शामिल हैं। नवीन नियुक्ति को लेकर निश्चित तिथि की घोषणा नहीं की गई है। कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा ही संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। शासन संबंधित सूत्रों के अनुसार, दिसंबर अंत तक आयोग को स्थायी अध्यक्ष मिल सकता है।

### मॉनिटरिंग बनी चुनौती

गौरतलब है कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत कई तरह के बदलाव शासकीय और निजी दोनों ही विश्वविद्यालयों में किए जाने हैं। शासकीय विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग के अधीन सीधे तौर से आते हैं, जबकि निजी विश्वविद्यालय अप्रत्यक्ष रूप से। प्राइवेट यूनिवर्सिटी में नियमों के पालन संबंधित कामकाज प्रमुख रूप से निजी विवि नियामक आयोग द्वारा ही किए जाते हैं। एनईपी नियमों की मॉनिटरिंग करने विभाग को पसीना बहाना पड़ रहा है।

### हुई थी शिकायत

गौरतलब है कि निजी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रवेश तिथियों के निर्धारण में मनमानी को लेकर शिकायत सत्र प्रारंभ होने के पूर्व में आई थी। इसे लेकर प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन द्वारा आपत्ति दर्ज की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश के लिए तय की गई अंतिम तिथि के बाद भी प्राइवेट यूनिवर्सिटी छात्रों को दाखिले प्रदान कर रहे थे। इस दौरान भी निजी विवि विनियामक आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठे थे।

# 2058 सहकारी समितियों के 13 हजार कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 14 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर पड़ सकता है असर
- 3 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश व्यापी बेमियादी हड़ताल

प्रदेशभर की सहकारी समितियों में कार्यरत 13 हजार कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर हैं। 3 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों का कहना है, उनकी इस हड़ताल से प्रदेशभर में 14 नवंबर से शुरू होने वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर असर पड़ेगा। हड़ताली कर्मचारियों में सहकारी समितियों के प्रभारी प्रबंधक से लेकर लेखापाल, सेल्समैन के साथ भृत्य और चौकीदार शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनकी प्रमुख मांगों में प्रत्येक समिति को 3 -3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान राशि देने आदेशित करने, मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को वेतन व अन्य सुविधाओं का लाभ देने और सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने सहित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते हुए आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान शामिल है।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू ने कहा है कि सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी, रवि फसल ऋण वितरण, राशन वितरण प्रभावित होगा। कर्मचारियों ने इससे पूर्व दो चरण में आंदोलन कर अपने लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 18 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर सांकेतिक रूप से विरोध जताया।

# महाबीर गोशाला में मनाया गोपाष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महाबीर गौशाला में शनिवार को गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। इसका शुभारंभ गो-पूजन के साथ किया गया। यह गो-पूजन कार्य पं. पंकज शुक्ला द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्य गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने अपने उद्बोधन में कहा, श्री महाबीर गोशाला के संचालन समिति व पदाधिकारियों को 104 वर्ष के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। अतिथियों के गो-पूजन एवं स्वागत के बाद महाबीर गोशाला के अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इसका संचालन निस्वार्थ, सेवाभावी, समर्पित ऊर्जावान व्यक्तियों द्वारा 104 वर्षों से सुचारू रूप से किया जा रहा है। संस्था के सचिव सत्यनारायण सिंघानिया ने प्रतिवेदन में गोशाला के संबंध में विभिन्न जानकारियां दीं। इस वर्ष महाबीर गोशाला के दो पदाधिकारियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया है, जिसमें संस्था के अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल को महाराज अग्रसेन सम्मान एवं संस्था के कार्यकारिणी सदस्य सुभाष अग्रवाल को दानवीर भामाशाह सम्मान दिया गया है।



**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल, गोकुलदास डागा, श्रीराम अग्रवाल, शिवराज भंसाली, सुभाष अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल, रोहित सिंघानिया, कन्हैया अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नवीन भुषानिया, रामरतन माहू, पं. पंकज शुक्ला, अजय तिवारी, हरख मालू, सुभाष राठौर, पं. पंकज शुक्ला, अजय तिवारी, दीनदयाल गोयल, एसपी साहू, रिखबचंद जैन, मोहनलाल खण्डेलवाल, अशोक अग्रवाल तथा अनेक सदस्य एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाई तो बिल में 5 फीसदी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

18वें विधानसभा के लिए राजधानी में हो रहे दक्षिण उपचुनाव के मतदान में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने अब हॉटल व्यवसायी भी आगे आए हैं। जीई रोड स्थित मंजू ममता रेस्टारेंट के संचालक ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर अपनी इस भावना से अवगत भी करा दिया है।



13 नवंबर को होने जा रहे रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में मतदाता को मतदान के लिए जागरूक करने अभियान के तहत मतदान के दिन मतदान के बाद ऐसे मतदाता जो अपनी अंगुली पर मतदान की स्याही दिखायेगा, उसे उस दिन हॉटल के बिल में 5 फीसदी छूट दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार यह छूट की प्रक्रिया 14 और 15 नवंबर को भी जारी रहेगी।

### डाक्टरों को मिला आश्वासन

**रायपुर।** एनपीए और प्रायवेट प्रेक्टिस मामले वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल द्वारा डाक्टरों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान संविदा सेवा देने वाले चिकित्सकों ने सीएमई को बताया कि उन्हें एनपीए नहीं मिलेता, इसलिए सरकार किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं कर सकती। संविदा डाक्टरों के वेतन में कोई बदलाव होता दिखाई नहीं दे रहा है। उनके द्वारा दशकों से नियमितिकरण का इंतजार किया जा रहा है।

# कमल विहार में मकान दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने कमल विहार में सस्ती दरों पर लोगों को मकान दिलाने का झांसा देकर साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने आरडीए की कंसलटेंट एजेंसी बनाकर 50 से ज्यादा लोगों को झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाया था। पुलिस के मुताबिक मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाने के आरोप में पुलिस ने माना निवासी राकेश मंडल तथा राखी निवासी पुनीत सिंह परिहार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इन दोनों आरोपियों द्वारा माइक्रोचिप आसमी होम्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से आफिस खोला गया था। आफिस खोलने के बाद लोगों से संपर्क कर उन्हें कमल विहार में मकान दिखाने के लिए ले जाते थे। साथ ही मकान दिलाने के नाम पर लोगों से साइनिंग अमाउंट हासिल कर मकान दिलाने के नाम पर लोगों को गुमराह करते थे। मकान नहीं मिलने पर लोगों ने आरडीए के ऑफिस में संपर्क किया, तब उन्हें अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।



*आरडीए की कंसलटेंट एजेंसी बताकर लोगों को झांसे में लेकर की थी ठगी*

## सड़क किनारे घुमंतु मवेशियों को हटाने फिर चलेगा अभियान

# आवारा मवेशियों को रखने सोलह गांव का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सडक पर बैठे आवारा मवेशियों को रखने जिला प्रशासन द्वारा डेढ दर्जन गांव का चयन किया गया है। पूर्व कांग्रेस के गौठान स्कीम के बाद प्रशासन फिर मवेशियों को लेकर नई पहल की जा रही हैं।

- प्रशासन का मवेशियों को लेकर नई पहल

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभागों को निर्देश जारी किये। बैठक में सड़क किनारे आवारा पशुओं के बैठने, गौशाला एवं शासकीय भूमि के समतलीकरण हेतु 16 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। दुर्ग ब्लाक में ग्राम पंचायत ननकट्टी, जेवरा चंदखुरी, कोल्हापुरी, खपरी (सी), धमधा ब्लाक में मुरमुंदा, मुर्रा, नंदनी-ख़ुंदनी, पथरिया, कोड़िया, लिटिया, बरहापुर और पाटन ब्लाक में महुदा, किकिर मेटा, मर्रा, केसरा के ग्राम पंचायतों में आवांरा पशुओं को रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी।



### मवेशियों को पकडने टास्क फोर्स का गठन

बैठक में सीईओ ने कहा कि, मुख्य मार्गों पर बैठने वाले पशुओं को हटाने के लिए जनपद स्तर पर जॉइंट टास्क फोर्स का गठन किया गया जाए जिसमें पशु चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से सम्मिलित होंगे। जनपद की टीम में करारोपण अधिकारी विकास विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में सचिव, रोजगार सहायक, मेट को आदेशित किया गया है कि, वे पशु चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें।

### मवेशी मालिक की जिम्मेदारी तय होगी

मुख्य मार्ग के निकट पशुओं के आश्रय स्थल बनाए जाने तथा रख-रखाव की निगरानी की व्यवस्था, कांजी हाउस, गौशालाओं की क्षमता वृद्धि करने और अतिरिक्त गौशालाओं को आवश्यकता के आधार पर आंकलन के अनुसार गौशाला में व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पालतू पशुओं के मालिक की जिम्मेदारी तय किए जाने तथा मापदंड प्रावधान प्रस्ताव की जानकारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत पाटन एवं धमधा उपसंचालक पशु एवं सेवा विभाग, कार्यक्रम अधिकारी एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# हैंड बैग लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने हैंड बैग लूट मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 6 नवंबर सुबह साढ़े 9 बजे की है। प्रार्थिया नीरा सोनी निवासी मोहबा बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बैरन बाजार स्थित बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल में नर्स है। घटना दिनांक को वह सुबह घर से हास्पिटल जाने निकली थी। मोहबा बाजार चौक पर जब वह एक ऑटो से उतरकर दूसरे ऑटो में बैठकर जा रही थी, तभी जीई रोड के पास बाइक सवार तीन अज्ञात लड़के उसका हैंड बैग छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए तीनों आरोपियों विकास मरकाम निवासी कुकुरबेड़ा देवार बस्ती, सुंदरू देवार देवार बस्ती कुकुरबेड़ा एवं भूपेंद्र कुमार ध्रुव उर्फ बबलू 18 वर्ष निवासी रेलवे फाटक कोटा को गिरफ्तार किया है।



खबर संक्षेप

## जूनियर बालक-बालिका कबड्डी चयन कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य की 24वीं जूनियर राज्य स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 22 से 24 नवंबर तक कबीर धाम जिला कवर्धा में आयोजित है। जिसके लिए महासमुंद जिला के जूनियर वर्ग के (बालक-बालिका) कबड्डी टीम का गठन चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाना है। चयन प्रतियोगिता 12 नवंबर मंगलवार को क्रिकेट मैदान पटेवा में सुबह 10 बजे से आयोजित है। इसमें खिलाड़ियों का वजन बालक वर्ग के लिए 70 किलो व बालिका वर्ग के लिए 65 किलो तय है। साथ ही खिलाड़ियों की जन्मतिथि 31 दिसंबर 2004 या उसके बाद की हो। अधिक जानकारी के लिए, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष पवन कुमार ध्रुव, सचिव ओपी जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष रमाकांत ध्रुव से संपर्क किया जा सकता है।

## विधिक सेवा प्राधिकरण से अवगत हुए छात्र व ग्रामीण

**धमतरी।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय कारागार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी द्वारा रासेयो ग्राम भानपुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के सचिव ने छात्र-छात्राओं एवं ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों को विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर प्रो. डीगेश्वर पटेल, अंकित बोधवानी, तरूण बनर्जी, विधि महाविद्यालय धमतरी के प्रो. दुर्गेश प्रसाद समेत छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जागृति महिला मंच ने मनाया आंवला नवमीं का पर्व

**महासमुंद।** कर्मा जागृति महिला मंच ने संजय कानन में आवला नवमी का पर्व मनाया। आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंच की अध्यक्ष सती साहू, हेमलता साहू, सावित्री साहू, बिमला, अनिता, पद्मिनी, कल्याणी, पुष्पा गजपाल, फूलबासन, चंद्रकला, चंद्रिका साहू, सरोजिनी, मंजू, नंदिनी, सत्यभामा, खेमिन, ज्योति, गंगा साहू आदि मौजूद रहीं।

## सुनील सोनी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

**महासमुंद।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के चुनाव प्रचार गोपियापारा, पुरानी बस्ती, पटेलपारा में किया गया। इस दौरान प्रेम पटेल, राजेंद्र नायक संयोजक, लोचन पटेल संरक्षक, पवन पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष पटेल समाज आदि मौजूद रहे।

## उपचुनाव के लिए भाजपाइयों ने निकाली रैली

**महासमुंद।** रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को विजयी बनाने के लिए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में सिविल लाइन शक्ति केन्द्र के बूथ क्र. 228, 229, 230, 231, 232 में जनसंपर्क रैली निकाली गई। देवीचंद राठी ने बताया कि इस दौरान भाजपा नेता मोहन साहू, प्रवासी कार्यकर्ता बतौर बूथ का कार्य देख रहे है।

### झोपड़ी से मिला छुटकारा, पीएम जनमन के तहत पक्का मकान का मिल रहा लाभ

# कमार परिवारों के लिए 982 पक्का आवास निर्माण प्रारंभ, 131 आवास बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के सभी परिवारों को पक्का मकान निर्माण का लाभ मिल रहा है और मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजाति सभी कमार परिवारों के लिए 982 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया है। लगभग 2 लाख रूपये की लागत से एक-एक आवास का निर्माण किया जा रहा है जिसमें मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में 131 प्रधानमंत्री आवास बनकर तैयार हो चुका है और ग्रामीण इन पक्के मकानों में दीपावली त्यौहार में बकायदा विधिवत पूजा अर्चना कर निवास करने लगे है क्षेत्र के कमार जनजाति के लोग पक्की मकान पाकर खुशी से फुले नहीं समा रहे है और इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

हरिभूमि की टीम ने कई जनजाति ग्रामों का जायजा लिया तो पता चला वर्षो से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग घास फूस के झोपड़ी में निवास कर निवास करने मजबूर हो रहे थे आज इन परिवारों के लिए पीएम जनमन योजना के तहत पक्का आवास निर्माण स्वीकृत किया गया है और इसका सीधा सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के चलते आर्थिक रूप से कमजोर लोगो की खुद के पक्के मकान का सपना पूरे हो रहे है। मैनपुर से 18 किमी दूर ग्राम कुल्हाड़ीघाट में पक्का आवास निर्माण के बाद उसमें निवास करने वाले पवन कमार ने बताया कि वर्षों से वह झोपड़ीनुमा मकान में निवास कर रहे थे बारिश के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जंगल क्षेत्र होने के कारण हमेशा जहरीले जीव- जन्तुओं का डर बना रहता था लेकिन अब प्रधानमंत्री आवास पक्का मकान बन गया है और इस मकान में निवास करने में उन्हे काफी सुविधाएं मिल रही है।




**पक्का आवास का सपना हुआ पूरा**

*ग्रामीण सावित्री कमार, कुन्दन कमार, ऐती बाई कमार, तुहामेटा के देवली बाई, चमरीन बाई, चन्देनी बाई, सुमित्र बाई, राधिका, सुखबती कमार, रामे"वर कमार ने बताया उन्हे प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्का मकान के लिए पैसा मिला और उन्होने स्वयं मेहनत कर अपने मकान का निर्माण किया है और अब वहां निवास भी करने लगे है जिससे काफी सुविधा मिल रही है। ग्रामीण परिवारों ने बताया अपने छोटे- छोटे बच्चों के साथ कच्चे व झोपड़ीनुमा मकान में गुजर बसर कर रहे थे। परिवार के दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बांस बर्तन का निर्माण करते है मजदूरी करते है कभी नहीं सोचा था कि अपने इस जीवनकाल में अपने परिवार के लिए पक्का मकान बना पायेंगें उनके लिए पक्का मकान एक सपने जैसा था।*

### जिले में 400 से ज्यादा आवास बनकर तैयार

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के मैनपुर, गरियाबंद, फिंगेश्वर एवं छुरा में 5319 कमार परिवार के 17457 लोग निवास करते हैं। इन परिवारों के लिए 2528 आवास स्वीकृत किये गये हैं जिसमें मैनपुर विकासखंड में 982 गरियाबंद में 878, फिंगेश्वर में 145 एवं छुरा में 323 परिवारों के लिए आवास स्वीकृत किया गया है जिसमें 400 से ज्यादा आवास बनकर तैयार हो गये हैं और पूर्व में 1400 से ज्यादा परिवारों को आवास की सुविधा दिया जा चुका है।

### कलेक्टर की मॉनीटिरिंग से कार्यों में आई तेजी

गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारो के लिए निर्माण किये जा रहें आवास योजना को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं और लगातार स्वयं ग्रामीण क्षेत्र के दौरे के दौरान आवासों का निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं साथ ही बैठक में लगातार मॉनीटिरिंग कर रहे हैं जिसके कारण आवास निर्माण कार्य में तेजी देखने को मिल रहा है।

### मैनपुर ब्लॉक में 982 आवास स्वीकृत

प्रधानमंत्री आवास योजना के मैनपुर नोडल अधिकारी रमेश कंवर ने बताया कि मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास निपर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। जनजाति ग्रामों में इन दिनों ग्रामीण आवास निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। मैनपुर ब्लॉक में 982 आवास स्वीकृत है जिसमें से 131 का निर्माण पूर्ण हो चुका है जहां ग्रामीण निवास कर रहे है।

## उप राष्ट्रपति ने लोक गायिका निर्मला को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मफिंगेश्वर/ कोपरा

छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव के विशाल मंच पर छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं को देश के उपराष्ट्रपति हमारे ने छत्तीसगढ़ के पुरोधा कलाकार लक्ष्मण मस्तूरिया सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राज्यपाल रमन डेका और उपमुख्यमंत्री अरुण साव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जब से राज्य अलंकरण के लिए इन कला विभूतियों का नाम घोषित हुआ है तब से लोगों में उत्साह का माहौल है और वह बेला आ भी गई जब राज्य उत्सव के मंच पर इनका सम्मान किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ कलाकार ननकी ठाकुर जय गंगान फेम छालीवुड की पार्श्व गायिका चम्पा निषाद, विनय सिंह ठाकुर तबला वादक खेम यादव, हारमोनियम वादक लोहरसी, उद्घोषक मनोज सेन, नवापारा राजिम प्रसिद्ध संगीतकार रामकुमार साहू, सालिक कश्यप, डॉ. एसके लाहौर, मनोज दीवान, रोहित, अजय साहू, रूपेश साहू, राजकुमार यादव लोहरसी, गौकरण मानिकपुरी, यश कुमार साहू, दशरथ तारक, बाबू लाल साहू, फुलझर घटारानी, गायत्री राजपूत गरियाबंद, संगीता मानिकपुरी धमतरी, ललिता यादव रायपुर, चुम्मन सिन्हा छुईहा, जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद के अध्यक्ष योगेश्वर साहु आदि कलाकारों एवं रेडियो श्रोताओं ने बधाई प्रेषित दी है। उल्लेखनीय है कि इस ख्याति प्राप्त गायिका ठाकुर द्वारा कला संस्कृति की सेवा लोक गायन द्वारा आकाशवाणी दूरदर्शन सहित विभिन्न महोत्सव और आडियो, विडियो, सीडी कैसेटो के माध्यम से आजीवन सेवा की है। इस कड़ी में जिले गरियाबंद प्रसिद्ध प्रयाग से नामचीन राजिम नगरी की लोक गाथा गौकरण मानिकपुरी द्वारा रचित रचना चलवा गा भईया राजिम धाम को सीडी कैसेट में वर्ष 2006- 7में स्वर दिया है जो गौरव का विषय है।

## रानी को मिली रायपुर दक्षिण उपचुनाव में अहम जिम्मेदारी



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व रायपुर जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल को रायपुर दक्षिण उपचुनाव में अहम जिम्मेदारी मिली है। वे रायपुर पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार सुनील सोनी के पक्ष में धुआंधार प्रचार कर रही है। महिला टीम के साथ एक-एक घरो में जाकर सुनील सोनी को वोट देने के लिए आग्रह करते नजर आ रही है। उन्हें रायपुर दक्षिण के पुरानी बस्ती, गोपियां पारा, महामाई पारा, प्रोफेसर कालोनी की जिम्मेदारी दी गई है जहां जीजान से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को जीताने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। वे अपने जनसंपर्क अभियान में कह रही है कि सुनील सोनी को भारी बहुमत से जिताकर विष्णुदेव सरकार को और मजबूत बनाएं। रानी पटेल अपने भाषण में विष्णुदेव साय द्वारा पूरे प्रदेश में किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी भी दे रही है साथ ही दक्षिण के पूर्व विधायक-मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा कराए गए विकास कार्यों का बखान भी कर रही है। उनके साथ टीम में चंपारण मंडल से जिला पंचायत प्रतिनिधि केजूराम पटेल ,नीलकंठ निर्मलकर,बेनिराम साहू, लीलाराम साहू, सतरुपा पटेल,उत्तम पटेल, मोतीम पटेल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल है।

## सूखे पेड़ से दुर्घटना का अंदेशा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के प्रमुख मार्गों के किनारे दर्जनों सूख चुके बड़े- बड़े पेड़ जहां एक ओर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वहीं दूसरी ओर स्कूल परिसर में भी सूख चुके पेड़ के नीचे बच्चे खेल कूद करते रहते हैं बच्चों के सिर पर हमेशा खतरा मंडराते रहता है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अबतक इन सुख चुके पेड़ को कटवाने और हटाने कोई पहल नहीं किया जा रहा है जिससे ऐसा लगता है संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। जबकि कई बार इन खराब सुख चुके पेड़ो को काटने की मांग स्थानीय नागरिकों और स्कूल के बच्चों के पालकों के द्वारा किया जा चुका है मैनपुर नगर में प्राथमिक शाला के सामने तहसील पत्रकार कार्यालय के ठीक आगे नेशनल हाईवे से लगे सड़क किनारे एक आम का पेड़ सूख चुका हैं जिसके बड़े- बड़े डंगाले हल्की हवा और बारिश मे टूट टूटकर गिरने लगती हैं कई बार इसे हटाने की मांग किया जा चुका हैं लेकिन इस ओर न तो राजस्व विभाग और न ही स्थानीय ग्राम पंचायत इसी तरह पीडब्ल्यु डी



सब इंजीनियर निवास के सामने एक सूख चुके पेड़ दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा हैं। सबसे ज्यादा खतरा मैनपुर नाउमुड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर की है। ठीक स्कूल भवन के सामने विशाल सरई का पेड़ सूख गया है इसके नीचे बच्चे खेल कूद करते रहते है और बच्चों के सिर पर हमेशा अनजाना खतरा मंडराता रहता है। पालक समिति द्वारा इस पेड़ को कटवाने की मांग को लेकर तहसीलदार एवं जनपद मे आवेदन भी दिया जा चुका है लेकिन अबतक पेड़ को नहीं हटाया गया है जिससे ऐसा लगता है कि संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने तत्काल इन सूख चुके पेड़ों को हटाने की मांग किया गया है।

## आकाश को जिताने रूपेश डोर टु डोर कर रहे संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर जहां प्रदेश के दोनों मुख्य पार्टी अपने प्रत्याशी को विजय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं ऐसे में फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू को कांग्रेस पार्टी ने दक्षिण विधानसभा के वार्ड नंबर 56 में बुथ क्रमांक 18 साईं नगर की जवाबदारी दिया है जिसे लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू लगातार आकाश शर्मा को जीताने के लिए साईं नगर के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जोर आजमाइश कर रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष रुपेश साहू ने बताया कि इस उपचुनाव चुनाव में परिवर्तन की



लहर दिखाई दे रही है दक्षिण विधानसभा की पहली पसंद आकाश शर्मा है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी द्वारा उतारे गए प्रत्याशी सुनील सोनी को जनता निष्क्रिय कह कर नकार रही है, हम वार्ड और बुथ में जा रहे हैं ,जनता का आशीर्वाद कांग्रेस और आकाश शर्मा को मिल रहा है, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा की जब से बीजेपी की सरकार आई है तब से महंगाई बढ़ रही है छत्तीसगढ़ शांत प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

### मंडप सजाकर सालिग्राम और माता तुलसी का कराया जाएगा विवाह

# देव 12 को जागेंगे 4 माह बाद फिर गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इस साल देवउठनी का पर्व 12 नवंबर को रवि योग, हर्षण योग, सर्वार्थ सिद्धी योग में मनाया जाएगा। इस दिन गोधुली बेला में घंटा, शंख की ध्वनि के बीच भगवान विष्णु को जगाया जाएगा। साथ ही तुलसी चौरा में गन्ने का मंडप सजाकर सालिग्राम भगवान और माता तुलसी का विवाह कराया जाएगा। इसके साथ ही मांगलिक कार्य, गृह प्रवेश, विवाह के लिए मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। पं. गोलू महाराज ने बताया कि आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी से 4 माह के लिए भगवान विष्णु निंद्रा में चले जाते हैं। कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन देवउठनी एकादशी के दिन भगवान नींद से जागते हैं। भगवान के निंदा अवस्था में होने के कारण विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर पूरी तरह से ब्रेक लग जाता है। इस साल 11 नवंबर की शाम



6.46 बजे से एकादशी तिथि प्रारंभ हो रही है। 12 नवंबर को शाम 4.45 बजे तक एकादशी रहेगी। उदय तिथि में ही पर्व मनाने का विधान है इसलिए एकादशी का पर्व 12 नवंबर को मनाया जाएगा।

### तुलसी चौरों में की जाएगी विशेष पूजा-अर्चना

शहर में इस दिन लोग अपने घर पर स्थित तुलसी चौरा में देवउठनी एकादशी के दिन मंडप सजाकर पूजा-अर्चना की जाएगी। इसकी तैयारी में लोग अभी से जुट गए हैं। लोगों ने बताया कि इस दिन माता तुलसी और भगवान शालिग्राम की पूजा-अर्चना कर शंख, मृदग बजाकर वेव उठाने की परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। इसी के साथ ही भगवान विष्णु 4 माह के बाद शयन से उठेंगे ।

### विवाह के लिए ये हैं शुभ मुहूर्त

देव उठनी एकादशी के बाद से विवाह के लिए कई शुभ मूहूर्त है। नवंबर में 12, 22, 23 और 27 तारीख तक विवाह के लिए मुहूर्त है। इसी तरह दिसंबर में 4.6.7. 12. 14 तारीख तक शुभ मुहूर्त है। इसके बाद धनुर्मास शुरू हो जाएगा। इस माह में विवाह समेत जनेऊ मांगलिक कार्यों पर फिर से ब्रेक लग जाएगा। फिर 2025 में 16 जनवरी से विवाह सहित मांगलिक कार्य शुरू होंगे। इस माह में 17, 21, 22 दिसंबर तक विवाह के लिए मुहूर्त है। फरवरी में 4, 5, 6, 7, 13, 18, 20 21. 25 तथा मार्च में 3.5 और 6 तक मुहूर्त हैं।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अक्षय आंवला नवमीं का पर्व मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अक्षय आंवला नवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना की गई। इसमें फुलेश्वरी, मधारी, पूनम, शिवकुमारी, लेख, गायत्री, नीलम, ममता, लक्ष्मी, कृष्ण, उतरा, छाम, डाली, मोनिका, तारनी, मंजू अंजू, त्रिवेणी चंद्राकर ने कहा कि इस दिन अक्षय आंवला नवमी को महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता के अनुसार, आंवला के पेड़ को साक्षात भगवान विष्णु का रूप माना गया है।

### उखरा लामी में डांस प्रतियोगिता कल

**नर्रा।** नवोदित मितान क्लब उखरा लामी के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता 12 नवंबर मंगलवार को आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में सामूहिक डांस, युगल डांस तथा एकल डांस के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागी को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रीतम चौधरी, उपाध्यक्ष देवेंद्र निषाद, सचिव नवनीत नाग, सेतराम राणा आदि कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### बृजराज स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से छाया ध्रुव के जन्मदिन के अवसर पर उनके पिता पुरोहित ध्रुव व माता किरण लता ध्रुव एवं कक्षा पांचवीं से विक्रांत गिरी गोस्वामी के पिता अजय गिरी गोस्वामी व माता रीना गोस्वामी द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिग्विजय साहू, बृजराज के समस्त स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 से

**नर्रा।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवंबर गुरुवार से शुरूआत हो रही है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी होगी। इस तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति पं क्रं 1061 नर्रा सोसायटी में नए पंजीयन 77 किसानों ने कराया है।

## निधन

### राधेलाल नेताम

**गरियाबंद।** ग्राम नागाबुड़ा निवासी राधेलाल नेताम उम्र 100 वर्ष का निधन रविवार शाम 6 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम नागाबुड़ा में सोमवार सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी में नाचा गम्मत में जोकड़ का किरदार निभाया करते थे।



### चमन साहू

**छुईहा बेलर।** ग्राम सेंदर निवासी चमन साहू का रविवार को निधन हो गया। जिनका निज निवास से शव यात्रा निकाली गई और अंतेष्ठि श्मशान घाट में किया गया। वे सरपंच टिकेश्वर साहू के चाचा, नारायण साहू के पिता थे।



---

कृषि अधिकारी ने कहा- खेतों की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और किसानों को भी होगा फायदा

# दलहन व तिलहन फसलों को लेने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिगेंश्वर कृषि विभाग ने खेतों की उर्वरता को बढ़ाने के लिए ग्रीष्मकालीन में किसानों को धान की फसल लेने के स्थान पर दलहन और तिलहन फसलों को लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। गावों में मुनादी कराई जा रही है। कृषि विभाग फिगेंश्वर अधिकारी बीआर ध्रुव का कहना है कि इससे खेतों की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और किसानों को भी फायदा होगा।



इसके लिए कृषि विभाग द्वारा दलहन तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन में किसानों को धान की फसल लेने से रोकने और दलहन तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। धान के स्थान पर वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान में जनप्रतिनिधि, समाजिक कार्यकर्ता भी अपना जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इधर रबी उत्पादन में फसल चक्र परिवर्तन के नाम पर धान का उत्पादन न लेकर अन्य फसल लगाने के अभियान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुरजोर समर्थन किया है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित , भाजपा नेता पूर्व सरपंच रामाधार साहू सेंदर, पूर्व सरपंच बिजली मोती राम निषाद, जनपद सभापति प्रतिनिधि गजेन्द्र निषाद बिजली, सरपंच सिरींखुर्द टिकेश साहू, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, किसान नेता भुनेश्वर साहू चैतरा, सुकदेव साहू, राजु साहू, बारूला, युवा भाजपा रूपेश साहू, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा ने कहा कि रबी सीजन में धान फसल के बदलें दलहन, तिलहन फसलें लेने की अपील सरकार द्वारा की जा रही है।

### जल संकट की समस्या से मिलेगी राहत

प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में फसल चक्र परिवर्तन एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही अंधाधूंध भू-जल के दोहन से ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। भाजपा नेताओं ने आगे कहा कि जल संरक्षण की दिशा में राजनीति से उपर उठकर सभी को सार्थक पहल करने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा की जा रही अपील हर वर्ग के कल्याणकारी है। इस मुद्दे पर किसानों को बरगलाने के बजाए उन्हें फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। लेकिन, विपक्ष के नेता इस मुददें को राजनीतिक मुददा बनाकर बेतुकी बयानबाजी कर रहे है। किसान नेता सेंदर के रामाधार साहू ने कहा कि सरकार सदैव किसान हित में निर्णय लिए है।

### चना व गेंहू की फसल लेने का लिया निर्णय

शासन के मंशानुरूप किसान भी जागरूक हो रहे है। किसानों ने इस बार रबी सीजन में धान के बजाए चना व गेंहू की फसल लेने का निर्णय लिया है। ग्राम बोड़की के सरपंच रामजी साहू ने कहा रबी सीजन में जल संरक्षण के लिए धान फसल का बहिष्कार किया और दलहन-तिलहन लेकर जल बचाव का सीख प्रदेश भर के किसानों को दिया है। भाजपा सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू कहा कि सरकार द्वारा रबी सीजन में धान फसल नहीं लेने के लिए किसानों से केवल अपील की जा रही है। उन पर कोई दबाव नहीं डाला जा रहा है।

---

# अतरमरा में मनाई सहस्त्रबाहु जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष युवराज सिन्हा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित गरियाबंद जिलाध्यक्ष अवध सिन्हा के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले के प्रत्येक ग्राम में कलार समाज के इष्ट देव भगवान सहत्रबाहु देव की जयंती मनाया गया। इसी तारतम्य में ग्राम अतरमरा में राजिम परिक्षेत्र के मण्डलेश्वर रामलाल सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में बड़े धूमधाम से भगवान सहत्रबाहु की जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान सहत्रबाहु देव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात किया गया। ग्राम की उपस्थित सभी स्वजातीय बन्धुवों के द्वारा अपने इष्ट देवता की पूजा अर्चना किये। यह कार्यक्रम मण्डलेश्वर रामलाल सिन्हा की अगुवाई में किया गया। मण्डलेश्वर रामलाल सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन समाज की एकजुटता और उत्साह को परिलक्षित कर रहा है।आज हम सभी एकजुट होकर अपने आराध्य की जयंती को धूमधाम से मना रहे है। इस जयंती के माध्यम से सामाजिक एकता और समरसता का परिचय दिया है। साथ ही भगवान सहत्रबाहु देव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस जयंती के अवसर पर सह संपादक खेमुराम सिन्हा, ग्राम प्रमुख सुभाष कुमार सिन्हा, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवम पूर्व जिलामंत्री विनोद सिन्हा सहित उपस्थित लोगों ने अपने विचार प्रकट किए। आज के इस आयोजन में प्रमुख रूप से मण्डलेश्वर रामलाल सिन्हा, खेमुराम सिन्हा, विनोद सिन्हा, सुभाष कुमार सिन्हा, टीकम सिन्हा, ललित सिन्हा, जगत सिन्हा, दुलेश्वर सिन्हा, खगेश सिन्हा, रोहित सिन्हा, भुवन सिन्हा, सुरेश सिन्हा, विष्णु सिन्हा, राजू सिन्हा, कृष्ण कुमार सिन्हा, खेलावन सिन्हा, सुखी सिन्हा, ऐश कुमार सिन्हा, भगेलू सिन्हा, मोहन सिन्हा सहित ग्राम अतरमरा के कलार समाज के सभी स्वजातीय महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# टू लेन सड़क की घोषणा होने पर मैनपुर व देवभोग के लोगों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नेशनल हाईवे 130 सी अभनपुर से देवभोग होते हुए ओड़िसा को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग को केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा टू लेन सड़क की घोषणा करने पर मैनपुर देवभोग क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने को मिल रही है क्योंकि इस सड़क के निर्माण से जहां एक ओर आवागमन मे सुविधा होगी। वहीं दूसरी ओर ओड़िसा को जोड़ने वाले इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में विकास तेजी से होगा। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने कहा की जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होना चाहिए क्योंकि झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा तक सड़क की हालत बेहद खराब है आये दिनों लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की डबल इंजन की सरकार दोगुनी तेजी से विकास कार्य कर रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा की घनघोर जंगल से होकर गुजरने वाली इस सड़क निर्माण की घोशणा कर क्षेत्र के लाखो लोगों को एक बड़ी सौगात दी गई है। मैनपुर देवभोग गरियाबंद के साथ ओडिसा प्रदेश के लाखो लोगों को इसका लाभ मिलेगा। भाजपा मंडल गोहरापदर के अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी ने कहा की सैकड़ों ग्रामों के लाखों लोगों का इस मार्ग से आना- जाना होता है यह मुख्य मार्ग है और सड़क किनारे पटरी में बड़े -बड़े गड्ढे हो जाने के कारण आज की स्थिति में दो वाहनों को साईड देने मे भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।सड़क निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी।



# जरूरतमंद को दिए गर्म कपड़े

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ठंड की शुरुआत होते ही गर्म कपड़े देने पहुंचे छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के संस्थापक समाजसेवी ग्राम पंचायत जरगांव के आश्रित कटेलपारा आदिवासी विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के गरीब, असहाय, जरूरतमंद बिरसिग कमार को गर्म कपड़े दिया। ग्रामीणों ने बताया पत्नी के चले जाने के बाद बिरसिंग का जीवन में अधेरा सा छा गया और शारीरिक रूप से कमजोर हो गया आगे की जिंदगी जीने मुश्किल हो चुके हैं। परियोजना विभाग गरियाबंद से विशेष पिछड़ी कमार जनजाति गरीब असहाय को मदद दिलाने समाज सेवी ने भरोसा दिलाया।



# श्यामलाल को दी गई श्रद्धांजलि



**फिंगेश्वर।** समाजसेवी एवं दानी स्व. श्यामलाल साहू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम साहू छात्रवास फिंगेश्वर में आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धासुमन कार्यक्रम गायत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे अभनपुर विधान सभा के पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, राजिम विधायक रोहित साहू ने पहुंचकर स्व.श्यामलाल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर आयोजक परिवार से जगदीश साहू, धनीराम साहू, परमानंद यदु, राजू साहू के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, मनीश हरित,रूपसिंग साहू, शिवकुमार सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश बंछोर, जिले से भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद अध्यक्ष टोकेश्वरी मांझी छुरा, जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव, सरंपच संघ अध्यक्ष लेखराज धुरवा साहू, मंडल अध्यक्ष पीलू यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रिंकु सचदेव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

---

# शिक्षक का कार्य विद्यार्थी की प्रतिभा को निखरना : चंद्राकर

**छुरा।** को ब्लॉक के शासकीय शिक्षकों द्वारा आयोजित सीजीटीपीएल सीजन 2 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मिनी स्टेडियम छुरा में रविवार को हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष छुरा रहे तथा विशेष अतिथि के रूप में सभापति भोलेशंकर जायसवाल उपस्थित रहे।सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत बीच लगाकर एवं गुलाल अक्षत से किया गया पश्चात पिच पर जाकर अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही साथ खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया गया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन खोमन चंद्राकर ने बैटिग करके व भोले शंकर जायसवाल ने बोलिंग करके किया अपने उद्बोधन में खोमन चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षा देना ही नहीं बल्कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास उनकी प्रतिभा को निखरना भी है। विद्यार्थी अपने शिक्षक का अनुकरण करते हैं शिक्षक को क्रिकेट खेलते हुए देख करके छात्र भी खेल के प्रति प्रेरित होंगे और हमारे इस चंचल के गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इससे पूर्व टंकेश्वर मरकाम ने कहा कि छुरा ब्लॉक के क्रिकेट प्रेमी शिक्षकों को पंजीयन पश्चात सभी संकुल के खिलाड़ियों को मिलाकर 10 टीमों में बांटा गया है सभी टीमों के बीच लीग मैच प्रति रविवार व अवकाश के दिन संपन्न होगा। प्रथम मैच नागिनबाहरा स्टार किंग्स और खड़मा नाइट राइडर्स के बीच खेला गया जिसे नागिनबाहरा ने 19 रन से जीता। प्लेयर आफ द मैच उमेश यादव बने जिन्होने 51 रन बनाये और 1 विकेट लिए साथ ही 2 कैच लपके। दूसरा मैच छुरा पैंथर्स और गोंडवाना लायन्स कोसमी के बीच खेला गया जिसे छुरा पैंथर्स ने 25 रन से जीता प्लेयर आफ द मैच देवेश चंद्राकर को दिया गया।






### अविनाश रहे प्लेयर आफ द मैच

तीसरा मैच नागिनबाहरा स्टार किंग्स और स्काई स्टार पेण्ड्रा के बीच खेला गया जिसे नागिनबाहरा ने 10 रन से जीता प्लेयर आफ द मैच कासी राम कुम्हकार घोषित किये गए। चौथा मैच छुरा पैंथर्स और खड़मा नाइट राइडर्स के बीच खेला गया जिसे छुरा पैंथर्स ने 49 रन से जीता। प्लेयर आफ द मैच अविनाश वर्मा रहे। प्रतियोगिता जब्बार खान, देवेन्द्र दीक्षित, गजेंद्र ध्रुव एबीईओ महासमुंद मेशनंदन पांडेय उपस्थित रहे।अंपायर के रुप में यूनूस खान पूनम चंद्राकर, रामप्रसाद साहू, चोवा पहाड़िया, रिखीराम संदीप चंद्राकर, स्कोरर के रुप में अशोक साहू और सुशांत दिव्याकर कमल दीवान रामप्रसाद साहू ने तथा कमेंट्री यादराम साहू, मंगलमूर्ति सोनी, पूनम चंद्राकर ने योगदान दिए। आयोजन में पंकज साहू, राजकुमार लहरे, शिव ठाकुर हीरालाल साहू, विनोद देवांगन, जागेश्वर ध्रुव, मयाराम साहू, नकूल वर्मा, पीएल वर्मा सहित सभी टीमों के खिलाड़ी कप्तान के साथ उपस्थित रहे। नगर के क्रिकेट प्रेमियों ने आयोजन की सराहना किए।

# एक जुटता से निशिचत रूप से मिलेगी सफलता : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा दीपावली मिलन का आयोजन राजमहल परिसर में किया गया। जहां पर अतिथि के रूप मेंः राजमाता चंद्रकुमारी शाह, वरिष्ठ कांग्रेसी नथमल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी समद खान, वरिष्ठ कांग्रेसी मक्कू दीक्षित, यसपेंद्र शाह, रमेश शर्मा, उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत गुलाल लगाकर कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कांग्रेस के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि आगामी नगर पंचायत, जिला पंचायत चुनाव में हम सब एक जुटता के साथ लगे तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। नथमल शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से लोगों के बिजली बिल बढ़ी हैं साथ ही साथ के महंगाई भी बढ़ी है। इसका नुकसान भाजपा को निश्चित रूप से उठाना पड़ेगा। मक्खू दीक्षित ने कहा कि पिछली गलतियों को भुलाकर हम सब एक साथ चलेगें तो निश्चित रूप से आगामी चुनाव में हम सब सफल होंगे। प्रमुख रूप से सज्जन शर्मा, नियाज अहमद, अब्दुल समीम खान, इस्माइल मेमन, पंचराम टंडन, हरीश यादव,पवन सिन्हा, प्रहलाद यादव, राजकुमारी सोनी, धनेश्वरी मरकाम, मुस्कान साहू, श्वेता चंद्राकर, सरस्वती सिन्हा, आसीन बाई ध्रुव, रूखमणि ध्रुव, परनिया सिन्हा, मुटाना बाई, कुमारी बाई, राज बाई यादव, लोकेश्वर वर्मा, शांतनु देवांगन, संदीप सोनी, अखिल चौबे, शैलेंद्र दीक्षित, शशांक चौबे, संकेत यादव, प्रकाश सिंह, रामप्रसाद ध्रुव ध्रुव, लखन यादव, देवसिंह नेताम, दिलीप बघेल, बाजारू राम निषाद, रामखेलावन चंद्राकर, दशरथ चंद्राकर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन पार्षद हरीश यादव, आभार व्यक्त यशपेन्द्र शाह ने किया।



---

रासेयो यूथ रेडक्रॉस ने किया खेलकूद का आयोजन

# खेलकूद में 69 स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

फूलचंद महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना युथ रेडक्रॉस ने बाल संरक्षण अधिकार और देशी खेलकूद का आयोजन किया। जिसमें बाज झपट्टा का अनोखा खेल हुआ। इसमें विवेकानंद एवं गांधी जी के दो दल शामिल हुए। जिसमें हिमांशु, नागेश, वरूण नोदितय, कैलाश मैथ्यू, भूमिका, श्रध्दा, नुपुर, साधना प्रमुख खिलाड़ी के रूप में शामिल थे। इस खेल में स्वामी विवेकानंद की टीम विजयी रही। कार्यक्रम के दूसरे चरण में बाल संरक्षण अधिकार विषय पर परिचर्चा हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक ने कहा कि बाल संरक्षण के लिए अनेक अधिकार दिए गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से जीवन जीने का अधिकार, भरण पोषण का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार आदि हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने गांव, शहर, परिवार तथा समाज में जागरूकता लाने सामूहिक रूप से संकल्प लिया। बाल विवाह, बाल यौन उत्पीड़न, बाल श्रम, कुपोषण, भूखमरी, बेकारी एवं बाल भिक्षावृत्ति को रोकने में हमारी अहम भूमिका रहेगी, तभी समाज के बच्चे उन्नति करेंगे एवं सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम में 69 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। बाज झपट्टा खेल स्पर्धा में खेल के नियम गोले में रखे रूमाल को अधिक बार उठाने वाला दल विजेता रहता है बाज झपट्टा खेल में दो दलों के 6 लड़के और 4 लड़कियों को दस-दस की टीम में बांटकर 40 से 80 फीट की दूरी पर खड़ा किया गया। हर खिलाड़ी को एक से लेकर दस अंक प्रदान किए गए। दोनों दलों के बीच दो फीट का गोला बनाया जाता है । निर्देशक एक सिरे पर दोनों दलों के बीच खड़ा होकर जैसे ही कोई भी एक अंक जोर से चिल्लाता है,वैसे ही दोनों दलों के खिलाड़ी बाज की तरह दौड़कर गोले से रूमाल झपट कर अपने दल की ओर वापस पहुंचता है। जो टीम सर्वाधिक अंक अर्जित करता है, यह विजेता होता है।






